वर्ष- 02 अंक- 62

छपरा

9 जनवरी, गुरूवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live


## डीएम-एसपी बताएं हाथरस में 121 मौतों का जिम्मेदार कौन?

**हाथरस (एजेंसी)।** हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान 2 जुलाई, 2024 को भगदड़ से 121 लोगों की मौत हुई थी। इससे नाराज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाथरस के तत्कालीन DM और SSP को जवाबी हलफनामे के साथ 15 जनवरी को कोर्ट में तलब किया है। कोर्ट ने पूछा है- हादसे का जिम्मेदार कौन है? बदइंतजामी के लिए क्यों न आपकी जिम्मेदारी तय की जाए। हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव ने भगदड़ मामले में आरोपी महिला मंजू देवी की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। हाईकोर्ट ने प्रयागराज DM और पुलिस कमिश्नर को हाथरस की घटना से सबक लेते हुए महाकुंभ में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के आदेश दिए। कोर्ट ने आदेश की कॉपी CJM हाथरस, गृह सचिव उत्तर प्रदेश, आयुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर प्रयागराज को भेजे हैं। हाथरस में जब भगदड़ हुई थी, तब डीएम आशीष कुमार और एसपी निपुण अग्रवाल थे। हाईकोर्ट ने कहा- प्रयागराज महाकुंभ में करोड़ों लोग आएंगे। केंद्र और राज्य सरकार इंतजाम में लगी है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मौके पर आकर व्यवस्था देख रहे हैं। इसके बावजूद बदइंतजामी से अप्रिय घटना हो सकती है।

## प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर पार्सल लोडिंग पर रोक

**प्रयागराज ,एजेंसी।** महाकुंभ मेला-2025 की सुरक्षा के मद्देनजर कई कदम उठाए जा रहे हैं। रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी जंक्शन और सूबेदारगंज स्टेशन से आरंभ होने वाली और अन्य डिवीजनों से शुरू होकर इन स्टेशनों से होकर गुजरने वाली और रुकने वाली गाड़ियों में पार्सल पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इस दौरान बोनाफाइड लगेज, समाचार पत्रों-पत्रिकाओं एवं पेरिसेबल आइटम की लोडिंग ही होगी। किसी भी प्रकार के पार्सल को कहीं नहीं भेजा जाएगा। ऐसा महाकुंभ की सुरक्षा की वजह से किया गया है। पार्सल के जरिये साजिश की जा सकती है। लोडिंग और अनलोडिंग पर 10 जनवरी से एक मार्च तक प्रतिबन्ध लगाया गया है। यात्रियों के सुरक्षा के दृष्टिगत प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी जंक्शन एवं सूबेदारगंज स्टेशनों पर समस्त प्रकार के लीज पार्सल यातायात की लोडिंग और अनलोडिंग प्रतिबन्ध रहेगी ।

## भारत में ही रहेंगी शेख हसीना, सरकार ने बढ़ाया वीजा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने बांगलादेश की निर्वासित प्रधानमंत्री शेख हसीना की वीजा बढ़ा दिया है। यह कदम उस समय उठाया गया है जब ढाका में उनकी प्रत्यर्पण की मांग तेज हो रही है। शेख हसीना पिछले अगस्त में देश छोड़कर भारत आई थीं। बांगलादेश में उनके खिलाफ छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया था। सूत्रों के मुताबिक, उनका वीजा हाल ही में बढ़ाया गया है, ताकि वह भारत में पहले की तरह रह सकें। सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत ने उन्हें शरण नहीं दी है क्योंकि भारत में शरणार्थियों के लिए कोई विशेष कानून नहीं है। बांगलादेश के अंतरिम सरकार ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए 23 दिसंबर को एक डिप्लोमैटिक नोट भारत के विदेश मंत्रालय को भेजा था।

# आंध्र प्रदेश को पीएम मोदी ने दिया 2 लाख करोड़ का गिफ्ट, कहा- आंध्र का विकास हमारा विजन है



**विशाखापत्तनम,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के दौरे पर हैं। आज शाम पीएम मोदी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम पहुंचे। यहां पर राज्य के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर सीएम एन चंद्रबाबू नायडू, डिप्टी सीएम पवन कल्याण और अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया।

इसके बाद पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ गुरुवार शाम विशाखापत्तनम में रोड शो किया। इस रोड शो में लोगों का हुजूम उमड़ा। रोड शो के दौरान तीनों नेताओं ने फूलों से सजे एक खुले वाहन में खड़े होकर सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। रोड शो सिरिपुरम जंक्शन के पास से शुरू हुआ और आंध्र विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान में संपन्न हुआ।

**आंध्र प्रदेश को पीएम मोदी ने दी सौगात :**बता दें कि पीएम मोदी यहां पर विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। राज्य में टीडीपी के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार बनने के बाद आंध्र प्रदेश की पहली यात्रा पर पीएम मोदी पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी उत्तरी आंध्र प्रदेश पर विशेष ध्यान देते हुए सतत विकास और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रमुख परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

पीएम मोदी ने यहां पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा आंध्र प्रदेश संभावनाओं और अवसरों का राज्य है। जब आंध्र में ये संभावनाएं साकार होंगी, तो आंध्र भी विकसित बनेगा और तभी भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा। आंध्र का विकास हमारा विजन है और आंध्र के लोगों की सेवा हमारा संकल्प है।

पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश ने 2047 तक लगभग 2.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है।

# तिरुपति मंदिर में भगदड़, 4 की मौत

- टिकट बुकिंग काउंटर पर टोकन के लिए 4 हजार लोग कतार में लगे थे



**तिरुपति,एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में बुधवार देर रात 9:30 बजे वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट काउंटर के पास भगदड़ मच गई। इस हादसे में एक महिला समेत 4 लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के घायल होने की खबर है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में 6 श्रद्धालुओं की मौत का दावा किया जा रहा है।

दरअसल, काउंटर के पास 4 हजार से ज्यादा श्रद्धालु कतार में खड़े थे। उसी वक्त श्रद्धालुओं को बैरागी पट्टीडा पार्क में कतार लगाने के लिए कहा गया। आगे जाने की होड़ में अफरा-तफरी मच गई। भागने के दौरान लोग एक-दूसरे पर चढ़ गए। इससे लोगों का दम घुट गया। मल्लिका नाम की एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने फोन पर उच्च अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली और घटनास्थल पर जाकर राहत उपाय करने का आदेश दिया है, ताकि घायलों को बेहतर उपचार मिल सके। वे गुरुवार को तिरुपति जाकर घायलों से मिलेंगे।

## राजघाट परिसर में बनेगी प्रणब मुखर्जी की समाधि

### मोदी सरकार का बड़ा फैसला,भूमि चिन्हित करने को मंजूरी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय स्मृति परिसर यानी राजघाट परिसर के अंदर एक विशेष स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी दी है। लेखिका और प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित दयाभाव और कृतज्ञता से मैं बहुत प्रभावित हूं। शर्मिष्ठा ने इसके साथ ही पीएम मोदी से अपनी मुलाकात और केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय की चिट्ठी भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने लिखा है, ÷बाबा (प्रणब मुखर्जी) कहते थे कि राजकीय सम्मान के लिए कहा नहीं जाना चाहिए, बल्कि वह खुद ऑफर किया जाता है। मैं बहुत आभारी हूँ कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा की याद और सम्मान में ऐसा किया। हालांकि, इससे बाबा पर कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि वह अब इस दुनिया में नहीं हैं और वह प्रशंसा या आलोचना से परे रहे हैं लेकिन उनकी बेटी होने के नाते मैं अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकती।

# वन नेशन वन इलेक्शनः जेपीसी सदस्यों को सूटकेस में सौंपी गई 18 हजार पन्नों की रिपोर्ट

### प्रियंका ने पूछा- कैसे होगी पैसों की बचत



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** एक देश एक चुनाव को लेकर संसद की संयुक्त समिति की पहली बैठक बुधवार (08 जनवरी, 2025) को हुई. इस दौरान सत्ता पक्ष विपक्ष से जुड़े तमाम सांसदों ने अपनी अपनी बात समिति के सामने रखी. सत्ता पक्ष से जुड़े हुए सांसदों ने जहां इस बिल को देश की जरूरत बताया तो वहीं विपक्षी सांसदों ने बिल को राज्यों के अधिकतर छीनने वाला बिल बताया ।इस बैठक के दौरान कानून मंत्रालय के अधिकारियों ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की बनाई गई कमेटी की रिपोर्ट के बारे में जहां समिति के सदस्यों को जानकारी दी. तो वही उसके अलावा बिल के प्रावधानों के बारे में भी समिति के सदस्यों को अवगत करवाया. बैठक के बाद समिति के तमाम सदस्यों को एक बड़े सूटकेस में 18,000 से ज्यादा पन्नों के दस्तावेज भी सौंपे गए. आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सूटकेस के साथ एक तस्वीर भी शेयर की। समिति के सदस्यों से कहा गया कि इसमें वह तमाम दस्तावेज हैं जो इस बिल कों लाने की वजह और इसको कैसे लागू किया जा सकता है उससे जुड़ी हुई जानकारियां समिति के सदस्यों के सामने रखेंगे. बैठक के बाद समिति के सदस्य उन बड़े-बड़े सूटकेस को अपने साथ ले जाते हुए भी नजर आए ।

### प्रियंका गांधी ने पूछ लिया ये सवाल

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस बैठक के दौरान पहली बार सांसद बनकर संसद पहुंची और इस कमेटी का हिस्सा बनी प्रियंका गांधी ने एक देश एक चुनाव पर कहा की सरकार को यह भी बताना चाहिए कि अगर देश में सारे चुनाव एक साथ होते हैं तो उससे पैसे की बचत कैसे होगी? अगर देश भर के चुनाव एक साथ होने हैं तो क्या उसके लिए ईवीएम उपलब्ध है ?

### बिल का समर्थन करने वाले सांसदों ने क्या दलील दी?

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिन सांसदों ने बिल का समर्थन किया उनकी दलील थी कि 1967 तक जब देश में एक साथ एक चुनाव हो सकते थे तो उस पर अब क्यों आपत्ति की जा रही है. अगर 1967 तक वह राज्यों के अधिकार छीनने वाला कानून नहीं था तो फिर अब उसको राज्यों के अधिकार में हस्तक्षेप वाला बिल क्यों कहा जा रहा है? जो सांसद बिल का समर्थन कर रहे थे उन्होंने देश में 1957 का उदाहरण भी दिया. सूत्रों के मुताबिक 1957 का उदाहरण देते हुए कहा गया कि 1957 में 6-7 विधानसभाओं के कार्यकाल को समय से पहले भंग कर एक साथ चुनाव करवाए गए थे. जिस दौरान ऐसा किया गया उस दौरान संविधान सभा के अध्यक्ष देश के राष्ट्रपति पद पर आसीन थे. सूत्रों के मुताबिक इस बैठक के दौरान महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड जैसे राज्यों का उदाहरण भी दिया गया. जहां पर विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव के कुछ महीनो के अंदर होते हैं और विधानसभा चुनाव के कुछ ही महीने बाद मुंबई महानगरपालिका जैसे चुनाव करवाए जाते हैं यानी साल भर चुनाव ही चलते रहते हैं. जिसके चलते जो विकास की परियोजनाएं हैं वह बाधित होती रहती हैं. गौरतलब है कि एक देश एक चुनाव को लेकर बनाई गई संसद की यह संयुक्त समिति में 39 सदस्य हैं. इस समिति में 27 लोकसभा के तो 12 राज्यसभा के सदस्य मौजूद हैं. इस कमेटी के अध्यक्ष पी पी चौधरी हैं ।

# यूपी में ठंड से 72 घंटे में 29 की मौत




### तमिलनाडु के ऊटी में तापमान 0°; राजस्थान-म.प्र. के 35 शहरों में टेम्परेचर 10° से कम

**श्रीनगर/नई दिल्ली,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के कारण पूरे उत्तर भारत में तेज सर्दी पड़ रही है। मौसम विभाग ने बुधवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, समेत 9 राज्यों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश में पिछले 72 घंटे में ठंड से 29 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटे में ही 4 लोगों ने दम तोड़ दिया। यहां 16 जिले में कोल्ड डे का अलर्ट है। 2 दिन बाद कई जिलों में बारिश और ओले भी गिर सकते हैं।

मध्य प्रदेश और राजस्थान के भी 35 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के नागौर में तापमान 2.5 डिग्री तक पहुंच गया।

तमिलनाडु के उदगमंडलम (ऊटी) में एवलांच भी आया। यहां तापमान 0ख्रष्ट रिकॉर्ड किया गया है। इसके कारण कंथल और थलाईकुंठा जैसे इलाकों में पाले की स्थिति है। देश के 17 राज्यों में घना कोहरा देखने को मिला। दिल्ली में बुधवार सुबह कुछ जगहों पर जीरो विजिबिलिटी रिकॉर्ड की गई। इससे कई फ्लाइट्स और ट्रेनें लेट हुईं। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के कारण सड़कों पर कई फीट बर्फ जमी हुई है। श्रीनगर-लेह रोड, मुगल रोड, सेमथान-किश्तवाड़ रोड बर्फबारी के कारण बंद हैं।

## अब 'इंदिरा भवन' होगा कांग्रेस का नया मुख्यालय



- अगले सप्ताह सोनिया करेंगी उद्घाटन, तैयारी की शुरू
- 24 अकबर रोड को भी अभी खाली नहीं करेगी पार्टी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी आगामी 15 जनवरी को पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन का उद्घाटन करेंगी। पिछले करीब पांच दशक से पार्टी का मुख्यालय 24अकबर रोड था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया, ÷15 जनवरी, 2025 को सुबह 10 बजे, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी जी नए एआईसीसी मुख्यालय इंदिरा गांधी भवन का उद्घाटन करेंगी। इसका निर्माण कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान शुरू किया गया था।÷ उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य, स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य, कांग्रेस संसदीय दल के पदाधिकारी, एआईसीसी पदाधिकारी, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख, सीएलपी नेता, सांसद, साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री सहित वरिष्ठ नेता इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। वेणुगोपाल के अनुसार, 9ए, कोटला मार्ग पर स्थित इंदिरा गांधी भवन को पार्टी और उसके नेताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें प्रशासनिक, संगठनात्मक और रणनीतिक कार्यों में सहयोग करने के लिए आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा, ÷यह प्रतिष्ठित इमारत कांग्रेस पार्टी के असाधारण अतीत को श्रद्धांजलि देते हुए उसकी दूरदर्शी दृष्टि को दर्शाती है, जिसने भारत के राजनीतिक और सामाजिक ताने-बाने को आकार दिया है।

# महाराष्ट्र के 3 गांवों के 60 लोग अचानक गंजे हुए:3 दिन में झड़े सबके बाल

### बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक परेशान, सबसे ज्यादा महिलाएं प्रभावित



**बुलढाना,एजेंसी ।** महाराष्ट्र के बुलढाना शहर में अजब बीमारी फैल रही है। यहां के 3 गांवों में पिछले 3 दिन में अचानक 60 लोग गंजेपन का शिकार हुए हैं। शहर के शेगाव तहसील के बोंडगांव, कालवड़ और हिंगना गांवों में बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी लोगों के बाल झड़ने लगे हैं। इससे सभी गंजे होते जा रहे हैं, यहां तक कि महिलाएं भी इसका शिकार हो रही हैं।

गांवों में फैल रही ये बीमारी कौन सी है, अभी इसका पता नहीं चल पाया है। यह बीमारी जेनेटिक है या नहीं, इसका पता लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इन गांवों में जाकर सर्वे पूरा कर लिया है। साथ ही पानी का सैंपल भी ले लिया गया है।

इस बीमारी के पहले दिन व्यक्ति के सिर में खुजली शुरू होती है। दूसरे दिन से बाल हाथ में आने शुरू हो जाते हैं, और तीसरे दिन मरीज गंजा हो जाता है। इस बीमारी से सबसे ज्यादा महिलाएं पीड़ित हैं। अधिकतर मरीजों ने प्राइवेट अस्पताल में अपना इलाज कराना शुरू कर दिया है।

**स्वास्थ्य अधिकारी बोले- शैंपू के इस्तेमाल पर शक जताया :**अचानक फैली इस बीमारी से स्वास्थ्य विभाग भी हैरत में है। तहसील की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिपाली मालवदकर ने इसकी जानकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी और अन्य प्रशासन को दे दी है। वहीं गांववालों ने इस बीमारी का जल्द से जल्द इलाज ढूंढने की मांग की है।

डॉ. दिपाली मालवदकर का कहना है कि शैंपू के इस्तेमाल से ऐसा हुआ होगा। हालांकि कई पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने कभी केमिकल से भरा शैंपू तो क्या साबुन भी अपने बालों में नहीं लगाया है। फिर भी उनके बाल झड़ते जा रहे हैं।



# प्रगति यात्रा : मुख्यमंत्री ने छपरा में 500 बेड के मेडिकल कॉलेज अस्पताल का किया उद्घाटन

## सौगात : छपरा में 985 करोड़ रुपये की कुल 52 योजनाओं का हुआ उद्घाटन एवं शिलान्यास

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** प्रगति यात्रा के दौरान बुधवार को छपरा पहुंचें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने छपरा में 629.18 करोड़ की लागत से 500 बेड एवं 100 मेडिकल सीट के छपरा स्थित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय समेत कुल सारण जिले में लगभग 985 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 52 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इन योजनाओं में 688.17 करोड़ रुपये की लागत से 32 योजनाओं का उद्घाटन तथा 296.42 करोड़ रुपये की लागत से 20 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री द्वारा योजना निमार्ण के शिलान्यास एवं लोकार्पण में छपरा में बीएससी नर्सिंग कॉलेज एवं छात्रावास, छपरा में 30 क्षमता का महिला कक्षपाल बैरक,132 क्षमता के कैदी कक्षपाल बैरक, सोनपुर आईटीआई में टाटा के सहयोग से वर्कशाप का निमार्ण, रिविलगंज प्रखंड के सिताब दियारा में जेपी पार्क का निमार्ण एवं सौंदर्यीकरण, मढ़ौरा में पशु अस्पताल भवन का निमार्ण, शिलहौरी मंदिर के पार्क निर्माण, इसुआपुर के केरवा, पानापुर के सतजोड़ा, गड़खा के महमदा पंचायत क्षेत्र के गावों में चबूतरा, सॉलिंग, मिट्‌टीकरण आदि निमार्ण कार्य भी शामिल हैं ।वहीं गड़खा के मुस्सेपुर और छपरा जेपी यूनिवर्सिटी कैंपस में विधुत उप केन्द्र, बनियापुर, एकमा, लहलादपुर, बनियापुर आदि क्षेत्रों में कई बस स्टॉप निमार्ण कार्य, गड़खा प्रखंड स्थित ग्राम महमदा में जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत सौंदर्गीकृत किये गये तालाब, मनरेगा के तहत निर्मित ग्रामीण पोखर घाट और खेल मैदान का लोकार्पण किया। विभिन्न विभागों एवं जीविका दीदियों द्वारा लगाये गये स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 6326 जीविका स्वयं सहायता समूहों के 75912 परिवारों को बैंक ऋण के रूप में प्रदत्त राशि का सांकेतिक चेक, सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत 661 लाभार्थियों को 3 करोड़ 2 लाख 18 हजार 722 रुपये का सांकेतिक चेक, 1571 जीविका स्वयं सहायता समूहों को प्रदत्त सामुदायिक निवेश निधि अंतर्गत 15 करोड़ 73 लाख 95 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, ग्रामीण हाट मोहमदा की चाभी, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का सांकेतिक चेक, कुशल युवा कार्यक्रम, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री बाल हृदय सुरक्षा योजना, आयुष्मान कार्ड, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, कृषि यांत्रिकीकरण राज्य योजना का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना का सांकेतिक चेक, समेकित विकास योजना के तहत व्यॉलर पॉल्ट्री फॉर्म का सांकेतिक चेक, समेकित बकरी एवं भेड़ विकास योजना, बिहार शताब्दी असंगठित कार्य कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना के अन्तर्गत 'मृत्यु लाभ' का सांकेतिक चेक, बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पुरस्कार का सांकेतिक चेक, बासगीत पर्चा, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक एवं दिव्यांगजनों के लिये बैट्री चालित ट्राई साइकिल की चाबी लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने महमदा गांव में 7 लाख 50 हजार रुपये की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-199, मंगला टोला के जीर्णोद्धार कार्य, स्कूल के सामने पेवर ब्लॉक कार्य तथा सौंदर्गीकरण कार्य का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया।इसके उपरांत मुख्यमंत्री श्री कुमार ने छपरा समाहरणालय स्थित सभागार में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें विकाशपरक योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्यों में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## प्रगति यात्रा की झलकियां



मेडिकल कॉलेज का अवलोकन करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व अन्य।



गड़खा के महामदा में जल जीवन हरियाली के तहत जलाशय का अवलोकन करते मुख्यमंत्री।

## सोनपुर विधायक ने मुख्यमंत्री से क्षेत्र संबंधित समस्याओं के निराकरण की रखी मांग

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की प्रगति यात्रा के क्रम में समाहरणालय सभागार, छपरा में विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यो से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में सोनपुर विधायक डॉ रामानुज प्रसाद ने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को उठाया। उन्होंने सोनपुर एवं दरियापुर प्रखंड अंतर्गत हरदिया चंवर की हजारों एकड़ भूमि पर औद्योगिक पार्क का निर्माण कराने, पहलेजा घाट-रमसापुर के बीच पीपा पुल के स्थान पर उच्चस्तरीय आरसीसी.पुल का निर्माण समेत कई महत्वपूर्ण मांगे रखी।

## छपरा-थावे रेलखंड पर एस एच-73 पर मशरक में बनेगा आरओबी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** छपरा थावे रेलखंड पर मशरक जंक्शन के पास सिवान शीतलपुर एस एच 73 पर आरओबी का निर्माण कार्य किया जाएगा। कार्य का शिलान्यास छपरा से महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह की मौजूदगी में किया गया। बताया गया कि छपरा थावे रेलखंड के मशरक जंक्शन और श्याम कौड़ियां रेलवे स्टेशन के बीच मशरक जंक्शन के पास रेलवे ढाला 34 बी 2 पर आरओबी का निर्माण कराया जाएगा जोर पथ निर्माण विभाग बिहार के तरफ से 56 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। सरपंच बिनोद प्रसाद ने बताया कि एस एच 73 पर आरओबी बनने से इलाके के लोगों को बेहतर सहूलियत होगी। रेलवे ढाला बन जाने आने जाने वाले को ढाला बंद होने पर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## प्रगति यात्रा को लेकर मशरक प्रखंड और अंचल कार्यालय परिसर में रहा सन्नाटा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सारण जिले के विभिन्न जगहों पर मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा में प्रखंड स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी जिले में लगीं हुई है जिसको लेकर मशरक प्रखंड और अंचल कार्यालय परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है। मौके पर प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू ने कहा कि जिले के विभिन्न जगहों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के तहत आए हैं जिसमें प्रखंड स्तरीय सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगीं हुई है। वही प्रखंड और अंचल कार्यालय में कार्य के लिए आए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## घोषणा : छपरा में चार नए रेल ओवर ब्रिज एवं डोरीगंज बाजार से विशुनपुरा तक एलिवेटेड पथ का किया जायेगा निर्माण

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** वुधवार को प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बताया गया कि सारण जिले में विकास का काफी काम कराया है, फिर भी जो कुछ छूट गया है या कमी रह गयी है उसे पूरा किया जायेगा। विशुनपुरा में भ्रमण के दौरान आम लोगों के द्वारा एनएच-31 पथ पर सुगम आवागमन हेतु नये एलिवेटेड पथ के निर्माण की आवश्यकता बतायी गयी है। इस समस्या के निराकरण के लिए सदर प्रखंड में डोरीगंज बाजार से विशुनपुरा तक एलिवेटेड पथ का निर्माण किया जायेगा। विशुनपुरा बिसेन टोला में लोगों के द्वारा आवागमन की समस्या से अवगत कराया गया। इस समस्या के निराकरण के लिए एनएच-19 के छूटे हुए छपरा सेक्शन पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कराया जायेगा। एकमा प्रखंड में भ्रमण के दौरान लोगों के द्वारा आवागमन की समस्या से अवगत कराया गया। इस समस्या के निराकरण के लिए एकमा से डुमाइगढ़ तक 10 किमी पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जायेगा। एकमा प्रखण्ड में भ्रमण के दौरान लोगों ने आवागमन की समस्या से अवगत कराया गया। इस समस्या के निराकरण के लिए एकमा मशरख पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जायेगा। खैरा बिन टोलिया पथ का चौड़ीकरण कराया जायेगा। सारण तटबंध पर 40वें किलोमीटर से 80वें किलोमीटर तक पूर्व से स्वीकृत सिंगल लेन पथ को डबल लेन पथ किया जायेगा। छपरा शहर में सुगम आवागमन हेतु क्रमशः भिखारी ठाकुर ढाला, जगदम कॉलेज ढाला, गड़खा ढाला तथा राम नगर ढाला पर चार नए रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जायेगा। सोनपुर में अवस्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर क्षेत्र का समग्र विकास किया जायेगा। इसके तहत एन0एच0-19 फोरलेन से सीधे नखास क्षेत्र तक पथ के चौड़ीकरण होने से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। साथ इन सब कार्यों के हो जाने से आम आदमी का जीवन सुगम हो जायेगा।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सांसद सिग्रीवाल से समस्या व समाधान पर विमर्श करते हुए।

# मुख्यमंत्री ने सारण जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में समीक्षात्मक बैठक की

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सारण जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में समीक्षात्मक बैठक की। सारण समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में सारण जिला के जिलाधिकारी अमन समीर ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सारण जिले के विकासात्मक योजनाओं की प्रगति एवं उपलब्धि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल एवं उनका अनुरक्षण, हर घर तक पक्की गली-नाली, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी, कृषि फीडर का निर्माण, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत कनेक्शन योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य उपकेंद्र में टेली मेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा परामर्श, पशु चिकित्सा सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी एवं पंचायत सरकार भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा हर पंचायत में 10+2 विद्यालय, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत में खेल-कूद को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स क्लब का गठन, प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों का गठन, राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, दाखिल खारिज/परिमार्जन/परिमार्जन प्लस एवं जल-जीवन-हरियाली के तहत जीर्णोद्धार कराए गए सार्वजनिक कुओं, पोखर तथा तालाबों की अद्यतन स्थिति के संबंध में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखीं।समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलाधिकारी ने सारण जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं की प्रगति से हम सबको अवगत कराया है। यहां उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखी हैं। मुझे पूरा भरोसा है और अधिकारियों से यही अपेक्षा है कि वे जल्द ही यहां की समस्याओं का समाधान करेंगे। आप सभी यहां जो भी कमियां और जरूरतें हैं उससे सरकार को अवगत कराएं, उसे पूरा किया जाएगा, यह जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। प्रारंभ से ही हमलोग पूरे बिहार में विकास काम निरंतर करा रहे हैं। कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता नहीं है। यहां काफी अच्छा काम हो रहा है। बिहार के लोगों ने हमलोगों को 24 नवंबर 2005 से यहां काम करने का मौका दिया, तब से लगातार बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसके कारण प्रदेश में काफी बदलाव आया है। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी खराब थी। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे। 2005 के बिहार विधानसभा चुनाव में भी हम घूम रहे थे तो सड़कें सुनसान रहती थीं, गिने-चुने लोग ही दिखते थे। 2005 के बाद बिहार में काफी परिवर्तन हुआ, जिसका नतीजा है कि अब देर रात भी लोग अपनी आवश्यकता और इच्छानुरूप कहीं भी आवागमन कर रहे हैं। कहीं कोई डर, भय का वातवरण नहीं है। वर्ष 2005 से पहले बिहार के अस्पतालों में इलाज का इंतजाम नहीं था, सड़कें जर्जर थीं। शिक्षा की हालत भी ठीक नहीं थी। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में निरंतर विकास के काम किए जा रहे हैं। हमलोगों ने किसी की उपेक्षा नहीं की है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने मुझे केंद्र में मंत्री बनाया था, उन्होंने ही हमें बिहार का मुख्यमंत्री भी बनाया। हम उन्हें कभी भूल नहीं सकते हैं। हमलोग एकजुट रहकर बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं। पहले बिहार में सड़कों की संख्या काफी कम थी और जो सड़कें थी उनकी स्थिति भी काफी जर्जर थी। अब हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है। खेती के लिए भी कृषि फीडर के माध्यम से किसानों को सस्ती दर पर बिजली मुहैया कराई जा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से हमलोगों ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू कराई। अब तक 8 हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी गई है। शेष कब्रिस्तानों की घेराबंदी का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। लोग वोट जिनको देना हैं दें, हमलोग समान भाव से सबकी सेवा कर रहे हैं। यह देखा गया कि हिन्दू मंदिरों से मूर्ति चोरी की घटनाएं हो रही हैं। इसको देखते हुए 60 वर्ष से अधिक पुराने मंदिरों की चहारदीवारी के निर्माण का काम शुरू कराया गया ताकि मंदिरों में चोरी की घटनाएं न हों। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं रखी हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया जिसके बाद अब तक 4 चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं। वर्ष 2013 में पुलिस की बहाली में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया।वर्ष 2016 से हमलोगों ने सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देना शुरू किया है। बिहार में अब स्वयं सहायता समूहों की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है, जिनसे 1 करोड़ 31 लाख जीविका दीदियां जुड़ी हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं का नाम जीविका दीदी हमलोगों ने ही दिया है, जिससे प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने भी इसे अपनाया और उसका नाम आजीविका दिया। कुछ लोग सिर्फ अनाप-शनाप बोलने में लगे रहते हैं। जब उन्हें मौका मिला तो कोई काम नहीं किया। हमलोग महिलाओं के उत्थान के लिये अनेक काम किये हैं और जीविका दीदियों को राज्य सरकार हर संभव मदद दे रही है। अब बिहार के शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन शुरू कराया गया है, जिनमें अब तक 26 हजार जीविका दीदियां जुड़ी हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं काफी अच्छा काम कर रही हैं। इससे परिवार की न सिर्फ आमदनी बढ़ी है बल्कि समाज में महिलाओं की इज्जत भी काफी बढ़ी है। हम जगह-जगह जाकर जीविका दीदियों के काम को देखते हैं.उनसे बात करते हैं और जो भी उनकी समस्याएं सामने आती हैं उन्हें दूर किया जाता है।समीक्षा बैठक में आला अधिकारियों के साथ विभागीय सचिव एवं जनप्रतिनिधियों में प्रमुख रूप से जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पांडेय, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सह सारण जिले के प्रभारी मंत्री सुमित कुमार सिंह, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधायक जनक सिंह, सीएन गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह मंटू, केदार नाथ सिंह, डॉ. रामानुज प्रसाद, विधान पार्षद सच्चिदानंद राय, विधान पार्षद वीरेंद्र नारायण यादव, पूर्व मंत्री चंद्रिका राय, पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी, पूर्व मंत्री गौतम सिं समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहें।



छपरा समरहनालय में समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रीगण

## सबलपुर मे भागवत कथा मे उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### नशा मुक्ति अभियान को लेकर निकाली गयी प्रभात फेरी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत सबलपुर के लालू प्रसाद यादव उच्च विद्यालय मे श्री मद्द मद्भग्वत कथा के सातवें दिन बुधवार के सुबह पुजा हवन के बाद नशा मुक्ति अभियान के लिय जन सम्पर्क कर महिलाओं एवं बच्चो को सुबह मे प्रभात फेरी निकाल कर चारो पंचायत मे जुलुस निकाली गई इसमे आचार्य अभिशेक जी ,मिथिलेश दुबे ,अमन मिश्रा,पंकज दुबे,श्रीकांत जी रकेश बाबा, मुकेश कुमार शर्मा,बिनोद बाबा,मुंशीलाल राय,केदार कुमार, संजय राय,बिंदेश्वर राय,लालबाबू पटेल सहित सैकड़ो महिलाओं और बच्चे नारे लगाते हुये नशा नाश का करण है भाई नाशा का करो बिदाई,जो हुआ नशा का शिकार उसका उजरा घर परिवार,पिटती पत्नी बिकती जेवर बदल शराबी अपना तेवर,बीड़ी पीकर खांस रहा है मौत के आगे नाच रहा है नशे को दूर भगाना है खुशहाली को लाना है। वही दूसरी ओर श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन भी करके के ठंड में भक्ति श्रद्धालु की अपार जन सैलाब उभरा जिसमें आचार्य अभिषेक जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के चित्रों के बारे में बतायते हुए भगवान के 161008 पत्नियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताएं जिनमें उनकी आठ पत्नियों मे रुक्मणी,जामवंती, सत्यभामा, कालिंदी,मित्र बिंदा सत्य भद्र और लक्ष्मण के बारे में विस्तार पूर्वक सभी श्रद्धालु भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कराया।भगवान श्री कृष्ण के संतान प्रद्युम्न जो कि भगवान के जैसा ही प्रतीत होते हुए भगवान श्री कृष्ण के दांपत्य जीवन के बारे में विस्तार से श्रद्धालुओं को बताएं और श्री कृष्ण सुदामा चरित्र के प्रसंग को भी बताये और उनकी झलक झांकियां भी पूरे भक्ति भाव तरीका से की गई और व्यास पूजन के उपरांत व्यास जी को हाथों से सभी भक्त श्रद्धालु जनों को प्रसाद दिया गया.इस्मौके पर आयोजन की सफलता पूर्वक संपन्न कराने मे हिरा प्रसाद ,विनोद बाबाजी, मुकेश कुमार शर्मा,सत्येंद्र कुमार,शम्भू कुमार,टुनटुन राय,आलोक, उज्ज्वल सहित सैकड़ो ग्रामवासी लगे रहे।

# प्रशांत किशोर के तबीयत खराब होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की तबीयत खराब है और अभी भी वह मेदांता अस्पताल पटना के आईसीयू में भर्ती हैं.डॉक्टरों के अनुसार प्रशांत किशोर की तबीयत मे कुछ परेशानी की वजह से आईसीयू में रखा गया है.जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के जल्द स्वस्थ होने को लेकर सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के सभी जन सुराज से जुड़े पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ एवं आम जनता ने बुधवार को सुधीर सिंह, भारत सिंह, पारस सिंह,मनु लाल भगत,राजन सिंह, राहुल राज,नवल कुमार,सरोज कुमार गुप्ता,अखिलेश राय, पंकज कुमार चंद्रवंशी,राजन प्रताप सिंह,संजना कुमारी, आनंदी कुमारी, संतोष कुमार राजेश कुमार,नागेंद्र यादव, शिवाकांत सिंह,राजकुमार चौधरी, अमीर शाह सहित सैकड़ो लोगो की संख्या मे बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पहुंचकर प्रशांत किशोर के जल्द स्वस्थ ठीक होने और अच्छे स्वास्थ्य रखने के लिए सभी लोगों ने बाबा हरिहरनाथ मंदिर के गर्भ गृह में पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए बाबा हरिहरनाथ सहित अन्य देवी देवताओं से प्रार्थना किया की जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर का जल्द स्वास्थ हो जाए.बतादे कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा 13 दिसंबर को आयोजित 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा मे हुई भारी धांधली के आरोप लगते हुए छात्रों ने परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। जहां आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ पुलिस ने लाठी चार्ज के साथ कितने छात्रों को गिरफ्तार करते हुए उन पर एफआईआर दर्ज की थी.इन सारी बातों को लेकर छात्र के हित और बिहार में हो रहे अत्याचार के जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने 2 जनवरी को छात्रों के साथ पटना के गांधी मैदान में गांधी जी के मूर्ति के पास खुले आसमान में इस ठंड भरी कपकपी मौसम में आमरण अनशन के लिए बैठ गए.बीपीएससी छात्रों को कहना था कि पुनः परीक्षा ले और उनकी मांग यह भी थी कि मुख्यमंत्री या उनके रहनुमा आकर इस समस्याओं का समाधान करें.लेकिन ना मुख्यमंत्री आए न हीं पुणे परीक्षा के लिए आश्वासन मिला जिससे बाध्य होकर छात्रों ने शांति पूर्ण तरिके से धरना प्रदर्शन पर बैठ गया. जहां पर शांतिपूर्ण तरीके से सत्याग्रह अनशन चल रहा था.वहीं पुलिस ने अनशन पर बैठे प्रशांत किशोर को 6 जनवरी को 4:00 बजे भोर में जबरन पुलिस ने धक्का मुक्की करते हुए प्रशांत किशोर को उठाकर 5 घंटे तक एंबुलेंस में बैठकर इधर-उधर आंखमिचौनी के खेल करते हुए 1030 मिनट पर उन्हें कोर्ट ले गई लेकिन कोर्ट ने सभी दलीलों को सुनकर बिना शर्त के बेल तो दे दिया लेकिन लगातार अनशन पर बैठे रहना और इस कपकपी भरी ठंड में एंबुलेंस में बैठकर इधर-उधर भटकाने के कारण जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की अचानक तबियत बिगड़ गईजिसके वजह से पटना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. प्रशांत किशोर की तबीयत खराब होने की सूचना मिलते ही बिहार के कोने कोने लोग व पार्टी के कार्यकर्ताओ ने प्रशांत किशोर के स्वस्थ होने के लेकर पूजा अर्चना शुरू कर दी है। वही दूसरी ओर प्रशांत किशोर ने स्पष्ट कहा कि मेरा अनशन जारी था, जारी है, और जारी रहेगा।कोर्ट ने दिखाया की बिहार में कानून का राज है। सरकार मनमानी नहीं कर सकती हैं। जो अनियम्मता हुई है सरकार की तरफ, नौकरी को एक डेढ़ करोड़ में बेचा गया है। यह 1000 करोड़ से ज्यादा का घोटाला है। करोड़ों में नौकरी बेची गई है। बच्चों के साथ गलत हुआ है।बिहार की जनता सरकार के मनमानी नहीं करने देगी। वही दूसरी ओर डॉक्टर प्रशांत किशोर के अनशन को तुड़वाने में लगे हुए हैं ताकि जल्द से जल्द वह स्वस्थ हो सके।

## प्रशांत किशोर और बीपीएससी अभ्यर्थियों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई निंदनीय: महासेठ

### जन सुराज बिहार के युवाओं के लिए सत्याग्रह जारी रखेगा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बीपीएससी छात्रों की मांगों के समर्थन में अनशन पर बैठे प्रशांत किशोर के खिलाफ की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा करते जिला के मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने बताया कि प्रशांत किशोर बीपीएससी अभ्यर्थियों के समर्थन में उनकी मांगों को लेकर गांधी मैदान में शांतिपूर्ण तरीके से 2 जनवरी से अनशन पर बैठे थे। 6 जनवरी की सुबह करीब 4 बजे पुलिस ने अनशन पर बैठे प्रशांत किशोर, बीपीएससी छात्रों और अन्य समर्थकों को बलपूर्वक अनशन स्थल से हटाया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करना देश के हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। गांधी मूर्ति के नीचे अगर बैठ कर कोई सत्याग्रह कर रहा है तो इसमें क्या गुनाह है? सरकार को इस बात का जवाब देना चाहिए ? उन्होंने कहा कि बिहार में बीपीएससी परीक्षा में हुई धांधली और अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों के आंदोलन को समर्थन दिया। पुलिस ने कायरतापूर्ण कार्रवाई करते हुए सैकड़ों छात्र पर लाठियां बरसाई, पानी की बौछार की और उन्हें बेरहमी से पीटा। इस घटना से प्रशांत किशोर जी बेहद आहत हुए। हालांकि अगले दिन छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के मुख्य सचिव से मुलाकात की और अपनी बातों को रखा। प्रशांत किशोर जी ने 30 दिसंबर को कहा कि अगर सरकार 2 दिनों में छात्रों की मांगों पर विचार नहीं करती है तो वो खुद 2 जनवरी से बीपीएससी के छात्रों के साथ सत्याग्रह करेंगे। सरकार ने बीपीएससी छात्रों की मांगें नहीं मानी। इसके बाद 2 जनवरी से प्रशांत किशोर जी छात्रों के साथ पटना में गांधी मैदान में गांधी मूर्ति के नीचे आमरण अनशन पर बैठ गए। उन्हें लगातार छात्रों का समर्थन मिलता रहा और बिहार के सभी जिलों के युवा, छात्र और उनके माता-पिता इस अभियान से जुड़ते चले गए और बड़ी संख्या में लोग पटना के गांधी मैदान पहुंच कर प्रशांत जी को अपना समर्थन देने लगे। प्रशांत जी को पूरे बिहार से मिल रहे इस व्यापक समर्थन से घबरा कर नीतीश और भाजपा की सरकार ने एक बार फिर कायरता दिखाई और 6 जनवरी के अहले सुबह करीब 4 बजे प्रशांत किशोर जी समेत सभी अनशनकारियों को जबरन उठाकर ले गई और गिरफ्तार कर उनके ऊपर केस कर दिया। प्रशांत जी को पुलिस 5 घंटे से अधिक एंबुलेंस और फिर अन्य वाहन में पटना और उसके आसपास के इलाके में घुमाती रही। फिर उन्हें कोर्ट लेकर गई, जहां से उन्हें जमानत मिल गया। छात्रों और आमलोगों ने इस पुलिसिया कार्रवाई का भारी विरोध किया। हजारों की संख्या में लोगों ने पटना में सड़क पर उतरकर प्रशांत किशोर और अन्य लोगों की गिरफ्तारी का विरोध किया। पुलिस ने प्रशांत किशोर जी को सिविल कोर्ट में पेश किया, जहां उन्होंने सशर्त बेल लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्हें बेऊर जेल ले जाया गया। उनके बेऊर जेल पहुंचने के कुछ घंटों के भीतर ही कोर्ट ने उन्हें बिना शर्त जमानत दे दी। इस बीच प्रशांत किशोर जी ने अपना आमरण अनशन जारी रखा है। 7 जनवरी की सुबह प्रशांत जी की तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया। उन्होंने कुछ खाने से इनकार कर दिया है और अस्पताल में भी अनशन जारी रखा है। जन सुराज पार्टी प्रशांत किशोर जी और बीपीएससी अभ्यर्थियों के खिलाफ पुलिस और सरकार की इस कायरतापूर्ण कार्रवाई की कड़ी निंदा करती है। हमारी मांग है कि सरकार छात्र सत्याग्रह समिति की सभी 5 मांगों को मान कर अविलंब छात्र हित में निर्णय लें अन्यथा ये आंदोलन और तीव्र होगा।



## सीनियर महिला नेशनल हैंडबॉल में तीसरे दिन बिहार ने लगातार जीते मैच

### बिहार , दिल्ली, गुजरात, मध्यप्रदेश , पंजाब , हरियाणा सहित 8 टीम पहुंची क्वार्टर फाइनल में

**दैनिक खोज खबर/पूर्णिया।** बिहार पूर्णिया के परोरा अवस्थित रमेश विजयलक्ष्मी मेमोरियल स्टेडियम में चल रहे 5 दिवसीय रमेशचंद्र स्मृति 53 वी सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन घने कोहरे एवं ठंड को बिहार के बेटियों ने पीछे छोड़ लीग मैच के सभी परिणाम अपने नाम किया।तीसरे दिन बिहार ने आंध्र प्रदेश को 19 - 4 से पराजित किया जिसमें तृप्ति ने 6 , प्रिया ने 5 ,कल्पना ने 4 , सुषमा ने 3 गोल किया। दादर नागर हवेली को 15 - 11 गोल के अंतर से चौथे लीग मैच में बिहार ने धोया जिसमे प्रिया ने 5 ,कल्पना ने 4 , सुषमा ने 3 गोल किया जबकि अंतिम लीग मैच में बिहार ने जम्मू को 11 - 2 से हराया जिसमें बिहार कि सुषमा ने सर्वाधिक 6 एवं कल्पना ने 2 गोल किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रीतपाल सिंह सलूजा , विद्यालय के सचिव सह आयोजन सचिव राजेश मिश्रा , बिहार हैंडबॉल के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा , हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक शिवाजी सर , फेडरेशन टेक्निकल कमिटी के चेयरमैन रमाशंकर शर्मा , कार्यालय प्रभारी महेश हुड्डा , बिहार हैंडबॉल के कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद , विद्यालय के निदेशक रंजीत पाल , पीआरओ राहुल शांडिल्य , पूर्णिया जिला सचिव अजीत कुमार एवं एसएचओ के नागर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं बिहार हैंडबॉल संघ के पदाधिकारियों के अलावे कई राज्य हैंडबॉल के पदाधिकारी भी प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित है । आयोजन समिति की ओर से खिलाड़ियों , तकनीकी पदाधिकारी , कोच एवं टीम मैनेजर के आवासन एवं मेस के अलावे मनोरंजन की भी बेहतर व्यवस्था की गई है।

## रेलवे स्टेशन परिसर स्थित मंदिर को विभाग द्वारा हटाए जाने के विरोध में लोगों ने की बैठक



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेलवे स्टेशन के बाहर सड़क मार्ग पर स्थित श्री श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सनातन प्रेमियों का बैठक बुधवार को हुआ.जिसका अध्यक्षता मंदिर के पुजारी राज राम (जय राम) ने किया। बैठक में यह जनकारी मंदिर के पुजारी द्वारा लोगो को मिली कि मुख्य रूप से रेलवे द्वारा पत्रांक ड/98 दिनांक 04/12/2024 को एक पत्र मंदिर के दिवाल पर साटा हुआ था कि जिसमें मंदिर को अन्यत्र स्थापित करने का आदेश दिया गया है। रेलवे के आदेश के सन्दर्भ में श्री श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रागण में सनातन प्रेमियों का बैठक में यह कहा गया कि मंदिर सैकड़ों साल पुराना है और इनसे लाखों श्रद्धालुओं का आस्था जुड़ी हुई है.प्रतिदिन सैकड़ो लोग मंदिर में पहुंचकर बाबा भोलेनाथ एवं अन्य देवी देवताओं के साथ हनुमान जी के प्रतिमा के पूजा अर्चना होती है.अगर रेलवे द्वारा इस मंदिर के तोड़ देने से इस परिस्थिति में लाखों श्रद्धालुओं का भावना आहत होंगी।अतः यह निर्णय लिया गया कि सनातन प्रेमी लोग सोनपुर डीआरएम से पत्र के माध्यम से यह आग्रह करते है कि पुनः विचार करें और श्री श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर को यथावत अपने स्थान पर रहने दें और पुन्य के भागी बनें।रेलवे परिसर के विस्तार और सौंदर्यकरण में मंदिर को इस स्थल पर रहकर सौंदर्यकरण का कार्य करें जिससे श्रद्धालु आस्था पर चोट ना पहुंचे.इस मौके पर जितेंद्र सिंह,सुधीर सिंह,शंभू शरण सिंह, शैलेंद्र सिंह,मुकेश सिंह, पंकज कुमार सिंह,उपेंद्रनाथ दुबे, दामोदर व्यास बच्चा राय सहित दर्जनों लोग बैठक मे मौजूद रहे।

## नहीं रहे सामाजिक कार्यकर्ता भृगुनाथ चौरसिया

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** इसुआपुर बाजार के व्यवसाई सामाजिक कार्यकर्ता तथा इसुआपुर पंचायत के बीडीसी सदस्य मुकेश चौरसिया के पिता भृगुनाथ चौरसिया का असामयिक निधन बुधवार को हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही प्रखंड में शोक की लहर व्याप्त हो गई । सैकड़ों की संख्या मे जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा आम लोगों ने उनके पैतृक आवास पहुंचकर दिवंगत सामाजिक कार्यकर्ता के पार्थिव शरीर पर फूल माला चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मालूम हो कि 55 वर्षीय भृगुनाथ चौरसिया की तबीयत खराब होने पर उनका इलाज आइजीआइएमएस पटना में चल रहा था। उनके निधन की खबर सुनते ही इसुआपुर बाजार के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर शोक जताया। वहीं कल गुरुवार को इसुआपुर बाजार पर एक श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में स्थानीय विधायक जनक सिंह ,पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय, सारण विकास मंच के संयोजक वरीय नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिला पार्षद छबीनाथ सिंह, प्रखंड प्रमुख मितेंद्र प्रसाद यादव, उपप्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, मुखिया धनंजय पांडेय, अमरनाथ प्रसाद, विशेश्वर चौरसिया, उमा चौरसिया, ढ़ोलन सिंह, पप्पू चौरसिया, राजेश चौरसिया, विजय चौरसिया व अन्य शामिल हैं।

## 10 जनवरी को लगायी जायेगी नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बाबा हरिहरनाथ मंदिर के प्रांगण में 10 जनवरी 2025 को जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना के सहयोग से कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के द्वारा शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक निः शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। उक्त बात के जनकारी देते हुए हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह ने बुधवार की बताया कि मंदिर परिसर मे लगायी जा रही शिविर मे सभी लोगो के लिए स्वास्थ्य जांच और परामर्श निःशुल्क होगाजिसमे हड्डी रोग,हृदय रोग,जेनरल फिजिशियन,डायटिशियन, वजन, ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, ट्ष्ग्2, ईसीजी एवं डॉक्टर द्वारा निःशुल्क परामर्श देंगे.लोग अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर अपने शरीर के निः शुल्क जांच व अन्य बीमारियो के लेकर परामर्श ले सकते है।

## पूर्व मुख्यमंत्री रामसुंदर दास की जयंती आज, खरिका में जुटेंगे कई मंत्री व गणमान्य

**सोनपुर।** स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व.रामसुंदर दास की 104 वीं जयंती पर उनके जन्मस्थली सोनपुर के खरिका गांव में आज 9 जनवरी 25 गुरूवार को जयंती समारोह मे उनके प्रतिमा का भी अनावरण किया जाएगा। उक्त बात की जानकारी देते हुए प्रदेश भाजपा प्रवक्ता उपेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि उनके पैतृक गांव स्थित राम सुंदर दास बालिका उच्च विद्यालय खरिका के प्रांगण में 9 जनवरी गुरुवार को 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित की गयी है जिसकी.तैयारी जोरों शोरों से जारी है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल के साथ स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पांडेय तथा पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ भीम सिंह, विधायक कृष्ण कुमार मंटू, डॉ रामानुज प्रसाद, पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी, पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह समेत कई अन्य गणमान्य लोग आमंत्रित किए गए हैं।

## सहवां के मदीना मस्जिद में किया गया देग फातिया

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के सहवां गांव स्थित मदीना मस्जिद में हिंदल वली हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के 113 वें उर्स के मौके से सैकड़ों लोगों ने देग फतिया किया। इस मौके पर मस्जिद के इमाम ने लोगों में आपसी भाईचारे का पैगाम दिया। वहीं उन्होंने बताया कि जिस तरह हजरत ख्वाजा गरीब नवाज ने लोगों को अमन, शांति के साथ गंगा, जमुनी तहजीब का पैगाम दिया है, ठीक उसी तरह हम लोगों को भी शांति, अमन, चैन भाईचारे के साथ अपनी जिंदगी गुजारनी चाहिए। अंत में अमन, शांति के लिए दुआ भी किया गया। मौके पर अनवर हुसैन, गुलाम गौस ,नूर हसन अंसारी, मोहम्मद मुन्ना, मौलाना हनीफ शौकत अली, खुर्शीद आलम,सलिमुल्लाह अंसारी, नजरे आलम, तौहीद अली, अशरफ अली व अन्य शामिल रहें।

## राम मंदिर के स्थापना दिवस पर 11 जनवरी को मशरक में होगा भव्य कार्यक्रम

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के थाना परिसर अवस्थित राम जानकी शिव मंदिर परिसर में 11 जनवरी को भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर बुधवार को मंदिर परिसर में महंथ टुन्ना बाबा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। मौके पर दर्जनों राम भक्त मौजूद रहें। महंथ टुन्ना बाबा ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर में अराध्य श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें राम-जानकी शिव मंदिर परिसर में 11 जनवरी की सुबह सुंदर कांड पाठ का आयोजन, फिर भव्य शोभायात्रा और शाम में मंदिर परिसर में संध्या दीप का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राम भक्तों की उपस्थिति रहेंगी।

## आपरेशन मुस्कान के तहत थानाध्यक्ष ने सौंपा गुम मोबाइल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुआ मोबाइल बरामद कर उसके वास्तविक स्वामी को सौंपा गया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष अजय कुमार ने जानकारी दी ।

## अपहरण के आरोपी युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**मढ़ौरा।** पुलिस ने अपहरण मामले में पुलिस ने मिर्जापुर के एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि थाना कांड संख्या 722/24 में अपहृत एक किशोरी के अपहरण में युवक आरोपित था। अपहृता की मां ने मिर्जापुर निवासी अमित कुमार मांझी को आरोपित किया था। गुप्त सूचना के आधार पर कांड के अनुसंधानकर्ता पुअनि सविता कुमारी ने युवक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेजा गया।

## शुभवंती इंस्टीट्यूट में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** सदर प्रखंड के पचौरा स्थित शुभवंती इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन में बुधवार को प्रशिक्षुओं के लिए '' सेल्फ लर्निंग प्लेटफार्म '' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बीएड तथा डीएलएड के सभी प्रशिक्षु शामिल हुए। कार्यक्रम के कोआर्डिनेटर डा. अशोक कुमार ने बताया कि इस कार्यशाला से सभी प्रशिक्षुओं को आनलाइन पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डा.जगदीश सामंता ने इस कार्यशाला को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। इस मौके पर संस्था के शिक्षक राजीव रंजन श्रीवास्तव, संदीप कुमार श्रीवास्तव, डा. वसीम खान, डा. संजय कुमार, पंकज कुमार मल्ल, दिनेश कुमार यादव और अन्य शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## विशेष अभियान चलकर अलग-अलग जगहों से शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** मद्य निषेध की टीम ने विशेष अभियान चलाकर जिले के अलग-अलग जगहों से भारी मात्रा में शराब बरामद की, वहीं दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दो तस्कर फरार होने में सफल रहे। इस दौरान दो पिकअप व एक कार को जब्त किया गया। मामले में मद्य निषेध निरीक्षक गणेश चंद्र ने बताया कि शराब तस्करों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गुप्त सूचना पर अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने अलग-अलग स्थानों से शराब बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया। बताया कि पहली छापेमारी मध निषेध टीम द्वारा जीरादेई थानांतर्गत की गई। जहां से एक पिकअप पर लदे कुल 160 कार्टन देसी शराब जब्त की गई, जबकि शराब तस्कर फरार हो गया। वहीं दूसरी छापेमारी टीम रघुनाथपुर द्वारा आंदर थाना अंतर्गत बलहीपुर के समीप की गई। छापेमारी के क्रम में एक मिनी पिकअप के तहखाने से 290 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई जबकि शराब तस्कर फरार तो गया। तीसरी छापेमारी द्वारा मुफ्फसिल थानांतर्गत कचहरी ढाला के समीप की गई। जहां छापेमारी के क्रम में एक क्रेटा कार में लदी 414 बोतल विदेशी शराब जब्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

## जेसीबी की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, स्वजनों में मचा कोहराम

**सिवान।** महाराजगंज थाना क्षेत्र के महुआरी के पडाइन टोला पुल के समीप गांव में बुधवार की शाम जेसीबी की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान महुआरी निवासी काशी सिंह (65) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने के रोने से माहौल गमगीन हो गया। इस संबंध में मृत काशी सिंह के पुत्र बसंत कुमार सिंह ने बताया कि मेरे पिता गांव से भैया बहिनी बाजार जा रहे थे तभी पड़ाइन टोला पुल के समीप जेसीबी से धक्का लगने से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे तथा उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी महाराजगंज थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा मौके पर जेसीबी समेत चालक को गिरफ्तार कर लिया। तत्पश्चात पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन आने पर प्राथमिक कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जेसीबी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया तथा जेसीबी जब्त कर लिया गया है।

## नशामुक्ति कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों ने नशामुक्ति को ले किया गया जागरूक

**सिवान।** महाराजगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नशा मुक्त भारत अभियान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माउंट आबू से पहुंचे बीके राजीव धवन ने कहा कि ज्यादातर लोग कम उम्र में ही नशे का सेवन शुरू कर देते हैं, क्योंकि उन्हें प्यार कम मिलता है। इसलिए स्वयं से प्यार करना सीखें। प्रतिदिन सुबह अपनी हौसला आफजाई करें। ऐसा महसूस करें कि मुझे परमात्मा ने विशेष कार्य के लिए चुना है। स्वयं भगवान मेरा साथी है। ऐसा समझने से सदा आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। सदा इस नशे में रहें कि मैं ईश्वर की संतान हूं तो किसी भी प्रकार के बुरे नशे से बचे रहेंगे। उन्होंने कहा कि नशा जीवन में मजा नहीं बल्कि सजा दिलाने वाला शत्रु है। इसे मानव अपना दोस्त समझ रहा है, इस समाज को ऐसे शत्रु से बचाना है तो मनुष्य के अंदर छिपी हुई अच्छाइयों को पहचानना होगा। यह समाज के उत्थान में एक अहम भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के कई गांवों और मोहल्ले में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में बीके शोभा बहन, बीके निप्पू वहन, बीके जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## सात घंटे देरी से पहुंची वैशाली सुपरफास्ट

**सिवान :** कड़ाके की ठंड और कोहरे की धुंध ट्रेनों की गति के लिए बाधक बन रही है। ट्रेनों की गति ठहरने से यात्रा के दौरान यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को कई ट्रेनें अपनी नीयत समय से काफी देर से सिवान जंक्शन के विभिन्न प्लेटफार्म पर पहुंची। ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को नई दिल्ली से चलकर सहरसा को जाने वाली 12554 वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस सात घंटे की देरी से सिवान जंक्शन पहुंची। वहीं 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस दो घंटे 29 मिनट, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन स्पेशल तीन घंटे 16 मिनट, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल एक घंटे 39 मिनट, 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल चार घंटे 36 मिनट, 22411 अरुणाचल एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस एक घंटे दस मिनट, 15909 अवध असम एक्सप्रेस एक घंटे, 15098 अमरनाथ एक्सप्रेस दो घंटे की विलंब से जंक्शन पर पहुंची। वहीं 13020 बाघ एक्सप्रेस के निरस्त रहने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामान करना पड़ा। इससे ठंड में यात्रियों को काफी परेशानी का सामान करना पड़ा।

## कांग्रेस कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन

**सिवान:** शहर के अस्पताल रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर बुधवार को कांग्रेस जनों ने अपने वरिष्ठ साथी कृष्ण बिहारी दीक्षित के निधन पर शोक सभा का आयोजन जिलाध्यक्ष डा.विधु शेखर पांडेय की उपस्थिति में किया। ज्ञात हो कि सात जनवरी को दीक्षित का निधन उनके पैतृक गांव किलपुर में हो गया। वे अपने पीछे चार पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। वे विगत 40 वर्षों से कांग्रेस के सच्चे अनुशासित नेता थे। जिन्होंने प्रखंड से प्रदेश स्तर तक अपने कार्यों से शीर्ष नेतृत्व के कृपा पात्र रहे। प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने पार्टी, देश की सेवा की। कुछ वर्षों से गले के कैंसर से पीड़ित थे। जो उनके निधन का कारण बना। इस अवसर पर शिव धारी दूबे, डाक्टर के एहतेशाम, ओमप्रकाश मिश्र, रमा कांत सिंह, पवन दूबे, उपेन्द्र राय आदि ने भी श्रद्धांजलि दी।

## दो बाइक की टक्कर में एक घायल

**सिवान:** नगर थाना क्षेत्र के बबुनिया मोड़ पर बुधवार की सुबह दो बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। उसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगो ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने पटना रेफर कर दिया। घायल की पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छपिया निवासी विकास कुमार यादव के रूप में हुई है। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया की गांव से शहर बाइक सर्विसिंग कराने के लिए आया था। जो तरवारा मोड़ पर बाइक सर्विसिंग करा कर घर लौट रहे थे, उसी दौरान हादसा हुआ। हालांकि घटना के बाद दूसरा बाइक चालक फरार हो गया।

# अपराध गोष्ठी में एसपी ने की विभिन्न कांडों की समीक्षा

## हर हाल में अपराधों में संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें : एसपी

### अपराध गोष्ठी में एसपी ने की विभिन्न कांडों की समीक्षा

**परवेज अख्तर/सीवान।** शहर के आंबेडकर भवन स्थित संवाद कक्ष में बुधवार को पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने सभी थानाध्यक्षों के साथ क्राइम मीटिंग की।

क्राइम मीटिंग में जिले में अपराध की घटनाओं में कमी लाने और अपराध नियंत्रण के लिए सभी थानाध्यक्षों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया गया। एसपी ने थानावार आपराधिक घटना, उसके विरूद्ध की गई कार्रवाई, लंबित कांड एवं निष्पादन की प्रगति, कुर्की-जब्ती का तामिला से लेकर विधि-व्यवस्था तक की गहन समीक्षा की। बताया कि विगत माह में घटित गंभीर शीर्ष के अपराधों में संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस महानिदेशक द्वारा पूर्व की बैठकों में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। गृहभेदन/चोरी जैसे घटनाओं को रोकने हेतु कार्य योजना के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। कुख्यात बदमाशों के संपत्ति के जब्तीकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तीन सौ दिनों एवं उससे ज्यादा समय से




लंबित कांडों के निष्पादन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर डीएसपी रक्षित विपिन नारायण शर्मा, यातायात डीएसपी शैलेश प्रितम, एसडीपीओ सदर अजय कुमार सिंह, एसडीपीओ मैरवा अजीत कुमार सिंह चौहान, महाराजगंज एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास, सराय ओपी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार,महादेवा ओपी प्रभारी कुंदन पांडे,जीबी नगर थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल,बसंतपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार,महाराजगंज थानाध्यक्ष उपेंद्र सिंह,आदि थानों के थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

## आत्म सुरक्षा को छात्राओं को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण

**सिवान।** जिले के विभिन्न विद्यालयों में बुधवार को छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षार्थ मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण शुरू किया गया । इस दौरान प्रशिक्षकों ने छात्राओं को आत्मरक्षार्थ की बातों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम को ले छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। जानकारी के अनुसार बड़हरिया प्रखंड के सदरपुर स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय, उच्च विद्यालय बहादुरपुर, बालिका उच्च विद्यालय भदांय में छात्राओं को आत्मरक्षार्थ मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण शुरू किया गया। इसको लेकर छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रशिक्षक श्रीकांत राम ने बताया कि प्रशिक्षण में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा संबंधित प्रशिक्षण बालिकाओं को दिया जा रहा है। इससे बालिकाएं किसी भी परिस्थिति से आत्मरक्षार्थ करते हुए निपट सकती हैं। यह प्रशिक्षण 24 दिन तक चलेगा। प्रशिक्षण में सभी विद्यालय के करीब सौ छात्राएं शामिल हैं। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार मंडल, शिक्षक अश्वनी कुमार, संदीप कुमार सुमन, बैरिस्टर प्रसाद सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## निधन पर शोक

**सिवान।** लकड़ी नबीगंज प्रखंड के गोपालपुर कोठी निवासी सह पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के रहे प्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र पांडेय का निधन मंगलवार की रात हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर लवलीन चौधुर, पूर्व मुखिया शैलेश यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष रामकुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, युवराज सुधीर सिंह, राकेश पांडेय, विधान पार्षद विनोद कुमार जायसवाल आदि ने शोक व्यक्त की है।

## जागरुकता के अभाव में साइबर क्राइम में युवा हो रहे ठगी का शिकार

**परवेज अख्तर/सीवान।** साइबर क्राइम का जाल शहरों के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से फैलने लगा है। डिजिटलीकरण से एक ओर जहां लोगों का काम आसान हुआ है, वहीं लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। मोबाइल धारकों की संख्या बढ़ने से साइबर ठगों का काम भी आसान हुआ है। जागरुकता के अभाव में साइबर ठग बेरोजगार युवाओं को निशाना बना रहे हैं। साइबर ठग ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काल कर तरह तरह के प्रलोभन देकर उन्हें अपने झांसे में ले लेते हैं और खाते से रुपये ठग लेते हैं। इसका मुख्य कारण साइबर थाना की जागरुकता अपील पर अमल करने के बजाय इसे दरकिनार करना है। स्मार्टफोन के जरिये दुनिया भले ही आपकी मुठ्ठी में है, पर यहां एक चूक से जेब ढीली होने में समय नहीं लगेगा। इतना ही नहीं, अजनबी से दोस्ती के बाद उसकी वीडियो काल रिसीव करते ही आप ब्लैकमेल करने वाले गिरोह के चंगुल में भी फंस सकते हैं।

### इंटरनेट मीडिया पर अलग-अलग साइबर गिरोहः

इंटरनेट मीडिया पर अलग-अलग साइबर गिरोह सक्रिय हैं। अब मोबाइल पर काल करने के बजाए साइबर अपराधी इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर भी गहरी पैठ बना चुके हैं। ऐसे कई ऐसे मामले भी हैं, जहां पुलिस के लिए साइबर अपराधियों तक पहुंचना चुनौती है।

### इन बातों का रखें ध्यान :

- आनलाइन शापिंग के लिए प्रतिष्ठित वेबसाइट के अलावा अनजान वेबसाइट को चुनने से बचें।
- जब भी अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर खाते से बदलें तो उसकी लिखित सूचना बैंक को जरूर दें।
- इंटरनेट मीडिया पर अंतरंग फोटो शेयर करने से बचें, अधिक निजी फोटो साझा न करें।
- अजनबी के नंबर से आ रही वीडियो काल रिसीव करने से बचें।
- फोन पर बैंक डिटेल या पिन कोड किसी को न बताएं।
- कोई बैंक फोन करके या ई-मेल के जरिये आपका पासवर्ड कभी नहीं पूछता।

## बाइक से धक्का लगने से किशोर घायल

सिवान। सिसवन थाना क्षेत्र के कचनार गांव के समीप ताजपुर-रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर बुधवार की दोपहर बाइक से धक्का लगने से एक किशोर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल किशोर की पहचान कचनार निवासी रवींद्र यादव के पुत्र अंकुश कुमार के रूप में हुई है।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**सिवान।** चैनपुर थाना क्षेत्र चैनपुर- सिवान मुख्य सड़क पर बुधवार को बाइक से गिरकर एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल का उपचार एक निजी क्लिनिक में कराया गया। घायल की पहचान एमएच नगर थाना क्षेत्र के असलम अली के पुत्र तस्लीम अली के रूप में हुई है। बताया जाता है कि तस्लीम अली किसी कार्य से चैनपुर बाजार आया था। चैनपुर से वापस लौटने के दौरान अनियंत्रित होकर बाइक समेत गिर गया जिससे वह घायल हो गया।

## मेडिकल दुकान समीप चोरों ने उड़ाए 3.40 लाख

**परवेज अख्तर/सीवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के सिवान-तरवारा मुख्य मार्ग स्थिति एक मेडिकल दुकान के काउंटर से चोरों ने थैले में रखे 3.40 लाख रुपये की चोरी कर ली। इस मामले में पीड़ित फखरुद्दीनपुर निवासी मेराज अली ने अज्ञात के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।मेराज अली ने बताया कि वह छह जनवरी को तरवारा बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक से 3.40 लाख रुपये की निकासी कर घर लौट रहे थे। इस दौरान सिवान-तरवारा मुख्य मार्ग स्थित अपने संबंधी के दवा दुकान के समीप बैठकर बातचीत कर रहे थे। वह रुपये का थैले को बगल में रखा था तभी मौका पाकर उचक्के रुपये भरा थैला लेकर फरार हो गए। कुछ देर के बाद रुपये का थैला न पाकर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। उन्होंने अज्ञात के विरुद्ध जीबी नगर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## मांगों को ले भाकपा माले ने दिया धरना

**सिवान।** दारौंदा प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को भाकपा माले द्वारा विभिन्न मांगों को ले धरना दिया गया। धरना की अध्यक्षता रामायण यादव ने की। धरना को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अमरनाथ यादव ने कहा कि भाकपा माले द्वारा दो बार प्रधानमंत्री आवास योजना, जमीन और आय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके लिए विधायक द्वारा लगातार विधानसभा में सवाल उठाया गया तो सरकार द्वारा नाम जोड़ने की घोषणा की गई। उन्होंने प्रशासन से हर गांव में कैंप लगा कर गरीबों का नाम जोड़ने की मांग की। वहीं इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव जयशंकर पंडित कहा कि बिहार में जाति और आर्थिक आधार पर हुए जनगणना में स्पष्ट हुआ है कि बिहार में अभी 95 लाख गरीब परिवार है। इस दौरान हर गरीब परिवार को दो लाख रुपया देने, सभी गरीबों को जमीन मुहैया कराने समेत अन्य मांग शामिल है।

## डीएम का जनता दरबार स्थगित

**महाराजगंज।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को आयोजित डीएम का जनता दरबार स्थगित हो गया। इस संबंध में बीडीओ बिंदु कुमार ने बताया कि जनता दरबार की सारी तैयारी पूरी कर ली गई थी। तभी जिला से सूचना मिली कि बुधवार को आयोजित जनता दरबार अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। इसकी सूचना सभी को दे दी गई।

## गया के डबल मर्डर केस में फरार आरोपी गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** गया जिले की पुलिस ने आठ वर्षों से फरार चल रहे हत्या के आरोपी मो. जुल्फेकार खान उर्फ कल्लू को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी एसएसपी आनन्द कुमार के आदेश पर गठित विशेष टीम द्वारा की गई। आरोपी 2016 में हुए एक दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी था, जिसमें एक परिवार की मां और बेटी की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। यह हत्या का मामला थाना कांड संख्या-65/16 के तहत दर्ज हुआ था। एसडीपीओ प्रकाश कुमार ने बताया कि पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान और सूचना तंत्र का उपयोग कर जुल्फेकार की लोकेशन ट्रेस की और उसे कोलकाता के सलीम मठ इलाके से गिरफ्तार किया। जुल्फेकार गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी अचल संपत्ति बेच चुका था और कोलकाता में छिपा हुआ था। इस मामले में शामिल पहले ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें आजीवन कारावास की सजा दिलाई जा चुकी है।

